# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 11 एक यात्रा यह भी

**Std 9 GSEB Hindi Solutions एक यात्रा यह भी Textbook Questions and Answers**

## स्वाध्याय

### 1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

**प्रश्न 1. लेखक को ग्वालियर क्यों जाना पड़ा?**
उत्तर :
लेखक को एक डॉक्टर से मिलने के लिए ग्वालियर जाना पड़ा।

**प्रश्न 2. लेखक के न कहने पर भी ऑटोवाला उनका इन्तजार क्यों करने लगा?**
उत्तर :
लेखक के न कहने पर भी ऑटोवाला उनका इंतजार करता रहा, क्योंकि वह उन्हें होटल तक भी पहुंचाना चाहता था।

**प्रश्न 3. लडकीने मोहन से घिघियाते हुए क्या कहा?**
उत्तर :
लड़की ने घिधिवाते हुए मोहन से कहा, "मुझे बचा लो।"

**प्रश्न 4. मोहन लडकी से विवाह करने क्यों तैयार हो गया?**
उत्तर :
लड़की सुंदर और परिचित थी। शादी न करे तो उसकी जिंदगी खतरे में पड़ने की संभावना थी। इसलिए मोहन उससे विवाह करने के लिए तैयार हो गया।

**प्रश्न 5. थानेदार की क्या विशेषता थी?**
उत्तर :
थानेदार की यह विशेषता थी कि वह कवि भी था और उसकी कविताएँ मानवीय संवेदना से भरी होती थीं।

**प्रश्न 6. मोहनने ज्यादा पैसे लेने से क्यों इन्कार किया?**
उत्तर :
मोहन ने ज्यादा पैसे लेने से इन्कार किया, क्योंकि लेखकदंपती से मिला प्रेम उसके लिए पैसों से बढ़कर था।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. लेखकने ऑटोवाले की बात को स्वीकृति क्यों दी?**

उत्तर :

लेखक ने ऑटोवाले की जिद और आवाज में एक प्रकार का आकर्षण महसूस किया। उससे प्रभावित होकर उन्होंने उसके रिक्षा में बैठने की स्वीकृति दी।

**प्रश्न 2. मोहन की पारिवारिक स्थिति क्या थी?**

उत्तर :

मोहन का घर आगरा में था। माँ-बाप के गुजर जाने के बाद बड़े भाई ने उसकी परवरिश की थी। बड़ा भाई वकील था और शादीशुदा था। मोहन बी.ए. पास करने के बाद नौकरी खोज रहा था।

**प्रश्न 3. लड़की किस बात के लिए तैयार नहीं थी? क्यों?**

उत्तर :

लड़की के माँ-बाप उसे एक अधेड़ के हाथ बेच रहे थे। लड़की उस खूसट के साथ जाने को तैयार नहीं थी, क्योंकि इससे उसकी जिंदगी बरबाद होने की संभावना थी।

**प्रश्न 4. लेखक मोहन को बहुत बड़ा क्यों बताते हैं.?**

उत्तर :

बड़े-बड़े लोग नारी-हित की बातें करते हैं, पर उन्हें व्यवहार में नहीं लाते। इसके बदले मोहन ने एक लड़की को पत्नी बनाकर उसे दर्दशाग्रस्त होने से बचा लिया। इसी मानवतापूर्ण साहस के कारण लेखक उसे 'बहुत बड़ा' बताते हैं।

**3. विस्तार से उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. लेखक यात्रा से क्यों डरते थे?**

उत्तर :

लेखक यात्राप्रिय नहीं थे। यात्रा पर निकलते समय वे सोचते कि रास्ते में न जाने कैसे-कैसे लोग मिलेंगे। नए शहर के लोगों का कैसा व्यवहार होगा। सबसे अधिक परेशानी उने ऑटोवालों के बारे में सोचकर होती थी। नए शहर के ऑटोवाले मनमाना किराया मांगेंगे। इन्हीं कारणों से लेखक यात्रा से डरते थे।

**प्रश्न 2. मोहन का चरित्र चित्रण कीजिए।**

उत्तर :

मोहन बी.ए. पास एक सुशिक्षित युवक है। उसकी आकर्षक और अपनेपन से भरी वाणी परायों को भी अपना बना लेती है। वह धन से अधिक आत्मीय संबंधों को महत्त्व देता है। संकट में पड़ी एक

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

लड़की को अपनाकर वह अपने साहस और मानवता का परिचय देता है। उसे अपनाने में वह अपने पारिवारिक रिश्ते की बलि देने में भी संकोच नहीं करता। अपने इन्हीं गुणों के कारण मोहन लेखक की नजरों में बहुत ऊँचा उठ जाता है।

**प्रश्न 3. लेखक के साथ मोहन ने अपनापन कैसा जताया?**

उत्तर :

मोहन ने शुरू से ही अपने प्रेमपूर्ण व्यवहार से लेखक का दिल जीत लिया था। वह लेखक को 'बाबूजी' और उनकी पत्नी को 'अम्मा' कहता था। स्टेशन पर विदा होते समय लेखक ने उसे पांच सौ रुपए देने चाहे तो मोहन ने लेने से इन्कार कर दिया। लेखक और उनकी पत्नी को पाकर उसे लगा जैसे उसे माँ-बाप मिल गए हैं। उस सुख के सामने उसे पारिश्रमिक के पैसे लेना तुच्छ लगा। पारिश्रमिक के पैसे लेने में उसे एक तरह का परायापन महसूस हुआ। लेखक को अपना फोन नंबर देकर उसने उनसे संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया। इस प्रकार लेखक के साथ मोहन ने अपनापन जताया।

**4. निम्नलिखित विधान किसने किससे और क्यों कहा?**

**प्रश्न 1. "इससे विवाह करना प्रीतिकर भी होगा और मानवीय भी।"**

उत्तर :

यह विधान मोहन ने थानेदार से कहा, क्योंकि लड़की सुंदर और परिचित थी।

**प्रश्न 2. भाई हर क्षेत्र में कोई न कोई मसीहा दिखाई पड़ ही जाता है।**

उत्तर :

यह विधान लेखक ने मोहन से कहा है, क्योंकि थानेदार ने लड़की की शादी कराने में मदद की थी।

**प्रश्न 3. मुझे इतना पराया न कीजिए, बाबूजी?**

उत्तर :

यह विधान मोहन ने बाबूजी से कहा है, क्योंकि वे मोहन को आग्रह कर पारिश्रमिक दे रहे थे।

**5. सही शब्द चुनकर योग्य उत्तर दीजिए।**

**प्रश्न 1. ऑटोवाले ने लेखक को नई जगह पर पहुँचा दिया, क्योंकि...**

**(अ) लेखक को दूसरी जगह घूमने जाना था।**

**(ब) वहाँ डॉक्टर हाजिर नहीं था।**

**(क) डॉक्टर ने क्लीनिक की जगह बदल दी थी।**

उत्तर : ऑटोवाले ने लेखक को नई जगह पर पहुंचा दिया, क्योंकि डॉक्टर ने क्लिनिक की जगह बदल दी थी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 2. बात करते हुए मोहन रुक गया और चुप्पी सी छा गई, क्योंकि...**

**(अ) कोई अवांछित घटना घटी थी।**

**(ब) नौकरी की तलाश में उसे आगरा से भटकते हुए ग्वालियर आना पड़ा।**

**(क) इसे एक लड़की मिल गई।**

उत्तर :

बात करते हुए मोहन रुक गया और चुप्पी-सी छा गई, क्योंकि कोई अवांछित घटना घटी थी।

**प्रश्न 3. लेखक को मोहन की बात कहानी-कथा सुन रहे. ही ऐसी लगी, क्योंकि....**

**(अ) लेखक सोचने लगे कि कोई थानेदार ऐसा सहद व्यवहार कर सकता है?**

**(ब) लेखक को मोहन की बात पर विश्वास नहीं आ रहा था।**

**(क) मोहन कोई कहानी सुना रहा था।**

उत्तर :

लेखक को मोहन की बात कहानी-कथा सुन रहे हो ऐसी लगी, क्योंकि लेखक सोचने लगे कि कोई थानेदार ऐसा सहद व्यवहार कर सकता है?

**प्रश्न 4. मोहनने ज्यादा पैसे लेने से इन्कार कर दिया, क्योंकि...**

**(अ) मोहन चाहता था कि उसे इतना पराया न समजा जाय।**

**(ब) वह परिश्रम से ज्यादा पैसे लेने के पक्ष में नहीं था।**

**(क) वह चाहता था कि लेखक दूबारा ग्वालियर आए तो उसके ही आंदों का उपयोग करें।**

उत्तर :

मोहन ने ज्यादा पैसे लेने से इन्कार कर दिया, क्योंकि मोहन चाहता था कि उसे इतना पराया न समझा जाय।

## 6. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

**प्रश्न 1.**

**1. पाला पड़ना**

**2. असमंजस में पड़ना**

**3. दामन थाम लेना**

उत्तर :

**पाला पड़ना** - संबंध जुड़ना

**वाक्य** : मुझे पता नहीं था कि तुम जैसे लोगों से मेरा पाला पड़ेगा।

**असमंजस में पड़ना** - उलझन में पड़ जाना, निर्णय न कर पाना

**वाक्य** : आप कहां इलाज कराएंगे, ऐसा पूछने पर पिताजी असमंजस में पड़ गए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**दामन थाम लेना** - आश्रय लेना

**वाक्य** : बड़े भाई का दामन थामकर वह शहर में रहने लगा।

### 7. निम्नलिखित शब्दों के विरोधी शब्द दीजिए :

**प्रश्न 1.**

1. **वांछित**
2. **परिचित**
3. **समस्या**
4. **मसीहा**
5. **प्रीति**
6. **संतोष**
7. **शोषण**

उत्तर :

1. अवांछित
2. अपरिचित
3. समाधान
4. शैतान
5. नफ़रत
6. असंतोष
7. पोषण

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in